# कृषि विज्ञान केन्द्र

जापानी फार्म, भोजपुर, आरा,

(बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर)

bhojpurkvk@gmail.com
09431091369

# मौसम आधारित कृषि परामर्श

**भोजपुर जिले के मौसम का पूर्वानुमान**

| मौसम कारक | 24-02-2024 | 25-02-2024 | 26-02-2024 | 27-02-2024 | 28-02-2024 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मि.मी.) | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 5.0 |
| अधिकतम तापमान (से.) | 28.0 | 28.0 | 27.0 | 27.0 | 28.0 |
| न्यूनतम तापमान (से.) | 15.0 | 14.0 | 16.0 | 15.0 | 15.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 80 | 80 | 80 | 75 | 75 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 35 | 35 | 35 | 35 | 35 |
| हवा की गति (कि.मी. प्रति घंटा) | 7 | 7 | 8 | 7 | 6 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 260 | 270 | 280 | 290 | 270 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 3 | 3 | 3 | 3 | 8 |

**मौसम सारांश / चेतावनी :**

- पक्षिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले 12 घंटों में जिले में एक–दो स्थानों पर बूंदा बांदी हल्की वर्षा हो सकती है। 24–26 फरवरी आसमान में मध्यम बादल छाये रहेगे एवं मौसम शुष्क रहने का अनुमान है । 27–27 फरवरी को जिले में एक या दो स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती ।
- सापेक्षित आर्द्रता सुबह में लगभग 75–80 प्रतिशत दोपहर में सापेक्षित आर्द्रता लगभग 35–40 प्रतिशत होने की संभावना है।
- न्यूनतम तापमान लगभग 16–17 डिग्री सेंटीग्रेड और अधिकतम तापमान 28–30 डिग्री सेंटीग्रेड होने की संभावना है।
- 7–8 कि.मी./घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चल सकती है।

**सामान्य सलाह :**

आगामी शुष्क मौसम तथा बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते हुए किसान सभी सब्जियो तथा सरसों की फसल में चेपा के आक्रमण की निगरानी करें। बचाव के लिए डाईमेथोएट 30 ई0सी0 दवा 1.0 मि0ली0 पानी की दर से घोल कर छिड़काव आसमान साफ रहने पर ही करें।

**लघु संदेश सलाह :**

आगात बोयी गई गेहूँ की दाना बनने से दुध भरने की अवस्था वाली फसल में प्रयाप्त नमी का विशेष ध्यान रखें। इस अवस्था में नमी की कमी रहने से उपज में कमी आती है।

**फसल विशिष्ट सलाह :**

| | |
|---|---|
| गन्ना | बसन्तकालीन ईख की रोपाई समाप्त कर लेनी चाहिए तथा शरदकालीन ईख में निकाई –गुड़ाई एवं सिंचाई करते रहना चाहिए। |

**बागवानी विशिष्ट सलाह :**

| | |
|---|---|
| केला | केला की सुखी एवं रोगग्रस्त पत्तियों को काट कर खेत से अलग करें जिससे रोग की उग्रता में कमी आयेगी। हल्की गुड़ाई करने के बाद प्रति केला 200 ग्राम यूरिया 200 ग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश एवं 100 ग्राम सिंगल सुपर फास्फेट का प्रयोग करें। |
| भिण्डी | गरमा सब्जियो की बंआई करें भिंडी के लिए परभनी क्रान्ति, अर्का अभय, अर्का अनामिका, वर्षा उपहार,, के0एस0–312 लौकी के लिए राजेन्द्र चमत्कार, सूसा समर पौलिफिक राउंड प्रभेद अनुशंषि हैं। |

**पशुपालन विशिष्ट सलाहः**

| | |
|---|---|
| गाय | नवजात बछड़ें–बछड़ीयों को अन्तः प्रजीवी दवा नियमित देना चाहिए। |

**अन्य (मृदा/भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह :**

| | |
|---|---|
| भूमि की तैयारी | सब्जियों में निकाई गुड़ाई करें। गरमा मौसम की सब्जियों की बुआई के लिए खेत की तैयारी करें। 150–200 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की दर से गोबर खाद की मात्रा पूरे खेत में अच्छि प्रकार बिखेर कर मिला दें। कजरा (कटुआ) पिल्लू से होने वाले नुकसान से बचाव हेतु खेत की जुताई में क्लोरपायरीफॉस 20 ई0सी0 दवा का 2 लीटर प्रति एकड़ की दर से 20–30 किलो बालू में मिलाकर प्रयोग करें। |